## *विनियोग संख्या 36 – ऋण की पुनर्अदायगी*
## *APPROPRIATION No. 36 - REPAYMENT OF DEBT*

| | | कुल विनियोग<br>Total appropriation | वास्तविक व्यय<br>Actual expenditure | अधिक व्यय+<br>Excess+<br>बचत–<br>Saving - |
|---|---|---|---|---|
| | | | | (हजार रुपयों में)<br>(In thousands of rupees) |
| **पूंजीगतः** | **Capital:** | | | |
| *प्रभारित–* | *Charged-* | *6890921,56,00* | *6184635,32,59* | *-706286,23,41* |
| *वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि* | *Amount surrendered during the year* | | | *698264,31,10* |

***टीका और टिप्पणियां***

***Notes and comments***

1. *विनियोग* में, बचतें/अधिक व्यय निम्नलिखित मुख्य शीर्षों के अंतर्गत हुईं/हुआः–

1. In the *appropriation*, savings/excess occurred under the following major heads:-

(लाख रुपयों में)
(In lakhs of rupees)

| शीर्ष | Head | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष "6001" | Major Head "6001" | | | | | |
| *केंद्रीय सरकार का आंतरिक ऋण* | *Internal Debt of Central Government* | | | | | |
| *मू.* | *O.* | *685353356.00* | *615795737.01* | *614991996.47* | *-803740.54* |
| *पु.* | *R.* | *-69557618.99* | | | |
| मुख्य शीर्ष "6002" | Major Head "6002" | | | | |
| *बाह्य ऋण* | *External Debt* | | | | |
| *मू.* | *O.* | *3738800.00* | *3469987.89* | *3471536.12* | *+1548.23* |
| *पु.* | *R.* | *-268812.11* | | | |

(I) *₹1350.00 लाख* का विनियोग छह शीर्षों के अंतर्गत पूर्णतया अप्रयुक्त रहा।

(II) मुख्य शीर्ष "6001" के अंतर्गत – निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत बचतें हुईः–

(का) *"बाजार ऋण" – ₹16078145.18 लाख* की बचत (*₹ 53913038.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) प्राथमिक रूप से जारी राशियों की अधिक मात्रा की वजह से 11 ट्रेंचों में स्विच ऑपरेशनों की कम मात्रा होने तथा अधिशेष नकद उपलब्ध होने के कारण अर्थोपाय अग्रिम का कम इस्तेमाल किए जाने के कारण हुई।

(खा) *"अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं को जारी की गई प्रतिभूतियां – एशियाई विकास बैंक" – ₹2664.52 लाख* की बचत (*₹ 16254.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) प्रतिभूतियों का कम मात्रा में मोचन किए जाने और विनिमय दर परिवर्तन के कारण हुई।

(गा) *"प्रतिपूर्ति तथा अन्य बोंड – 8 प्रतिशत बचत बोंड, 2003 (कर योग्य)" – ₹7861.07 लाख* की बचत (*₹39547.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) परिपक्वता प्राप्त प्रतिभूतियों के बकाया के भुगतान के लिए कम दावे प्राप्त होने के कारण हुई।

(घा) *"भारतीय रिजर्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिम" – ₹ 60101000.00 लाख* की बचत (*₹ 100000000.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) सरकारी खाते में अधिशेष नकदी उपलब्ध होने की वजह से कम मात्रा में उपयोग होने के कारण हुई।

(ड़) *"14 दिवसीय खजाना बिल" – ₹ 15587870.00 लाख* की बचत (*₹385100373.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) राज्य सरकारों द्वारा कम मात्रा में निवेश किए जाने के कारण हुई।

(चा) *"नकदी प्रबंधन बिल" – ₹9000000.00 लाख* की बचत (*₹25000000.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) अधिशेष नकदी उपलब्ध होने की वजह से इस लिखंत

(I) *Appropriation* of *₹1350.00 lakhs* remained wholly unutilized under six heads.

(II) Under Major Head "6001" - savings occurred under the following heads:-

(A) *"Market Loans"* - saving of *₹16078145.18 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹ 53913038.00 lakhs*) was due to lower volume of switch operations in 11 tranches owing to higher quantum of primary issuances and less usage of ways and means advances due to availability of surplus cash.

(B) *"Securities issued to International Financial Institutions - Asian Development Bank"* - saving of *₹ 2664.52 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹16254.00 lakhs*) was due to lower volume of redemption of securities and exchange rate variation.

(C) *"Compensation and Other Bonds - 8% Saving Bonds, 2003 (Taxable)"* - saving of *₹7861.07 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹39547.00 lakhs*) was due to receipt of less claims for outstanding payments of matured securities.

(D) *"Ways and Means Advances from Reserve Bank of India"* - saving of *₹ 60101000.00 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹100000000.00 lakhs*) was due to lower volume of utilization owing to availability of surplus cash in the Government Account.

(E) *"14 Day Treasury bills"* - saving of *₹ 15587870.00 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹385100373.00 lakhs*) was due to less investments by State Governments.

(F) *"Cash Management Bills"* - saving of *₹ 9000000.00 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹25000000.00 lakhs*) was due to less

(इंस्ट्रुमेंट) का कम इस्तेमाल किए जाने के कारण हुई।

utilization of the instrument owing to availability of surplus cash.

(छा) *"स्वर्ण मुद्रीकरण स्कीम 2015– नकद भुगतान स्कीम"* – ₹ *5071.31 लाख* की बचत (₹ *6000.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) पुनः भुगतान के लिए कम निधियों की आवश्यकता होने के कारण हुई।

(G) *"Gold Monetisation Scheme, 2015 - Cash Payment Scheme"* - saving of ₹*5071.31 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of ₹*6000.00 lakhs*) was due to requirement of less funds towards repayment.

(III) मुख्य शीर्ष "6002" के अंतर्गत – निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत बचतें हुईः–

(III) Under Major Head "6002" - savings occurred under the following heads:-

(का) *"फ्रांस सरकार से ऋण"* – ₹ *4117.83 लाख* की बचत (₹ *43844.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) हुई।

(A) *"Loans from the Government of France"* - saving of ₹ *4117.83 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of ₹*43844.00 lakhs*);

(खा) *"जर्मनी संघीय गणराज्य सरकार से ऋण"* – ₹ 2659.06 लाख की बचत (₹ *135539.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) हुई; और

(B) *"Loans from the Government of Federal Republic of Germany"* - saving of ₹ *2659.06 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of ₹ *135539.00 lakhs*); and

(गा) *"अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक से ऋण"* – ₹ *21682.19 लाख* की बचत (₹ *728998.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) हुई।

(C) *"Loans from the International Bank for Reconstruction and Development"* - saving of ₹ *21682.19 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of ₹*728998.00 lakhs*).

उपर्युक्त तीन शीर्षों के अंतर्गत बचतें ऋणों के रद्द किए जाने और उसके बाद ऋण परिशोधन सूची में संशोधन किए जाने के कारण हुईं।

Savings under the above three heads were due to cancellation of loans and subsequent revision of amortization schedule.

(घा) *"अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ से ऋण"* – ₹ *257135.28 लाख* की बचत (₹ *1458102.00 लाख* के स्वीकृत विनियोग की तुलना में) हुई; और

(D) *"Loans from the International Development Association"* - saving of ₹ *257135.28 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of ₹*1458102.00 lakhs*); and

(ड़) *"एशियाई विकास बैंक से कर्ज"* – ₹ *5174.42 लाख* की बचत (₹ *621096.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) हुई।

(E) *"Loans from Asian Development Bank"* - saving of ₹ *5174.42 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of ₹*621096.00 lakhs*).

उपर्युक्त दो शीर्षों के अंतर्गत बचतें ऋणों की पुनः अदायगी में स्थगन होने/ऋणों के भुगतान का पुनः निर्धारण किए जाने और उसके बाद ऋण परिशोधन सूची में संशोधन किए जाने के कारण हुईं।

Savings under the above two heads were due to deferment/rescheduling of repayment of loans and subsequent revision of amortization schedule.

(IV) तीन शीर्षों के अंतर्गत *₹ 1476.09 लाख* की बचतें हुईं, जो प्रत्येक में ₹250.00 लाख से अधिक परंतु ₹500.00 लाख से कम तथा स्वीकृत *विनियोग* का 97 प्रतिशत से लगभग 100 प्रतिशत तक थीं।

2. बचतें निम्नलिखित मुख्य शीर्षों के अंतर्गत अधिक व्यय द्वारा भी प्रतिसंतुलित हो गईं।

(I) मुख्य शीर्ष *"6001"* –

(का) *"खजाना बिल तथा भारतीय रिजर्व बैंक को जारी संबद्ध प्रतिभूतियां – 91 दिवसीय खजाना बिल"* – *₹7349897.80 लाख* का अधिक व्यय (*₹65927584.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) अधिक मात्रा में निर्गमन के कारण हुआ।

(खा) *"अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं को जारी की गई प्रतिभूतियां"* –

(क) *"अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष"* – *₹ 505540.00 लाख* का अधिक व्यय (*₹ 500000.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) हुआ; और

(ख) *"अफ्रीकी विकास निधि"* – ₹838.95 लाख का अधिक व्यय (*₹ 2419.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) हुआ।

उपर्युक्त दो शीर्षों के अंतर्गत अधिक व्यय प्रतिभूतियों का अधिक मात्रा में मोचन किए जाने तथा विनिमय दर परिवर्तन के कारण हुईं।

(गा) *"182 दिवसीय खजाना बिल"* – *₹ 19883048.00 लाख* का अधिक व्यय (*₹ 30851925.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) हुआ; और

(घा) *"364 दिवसीय खजाना बिल"* – *₹ 1936050.00 लाख* का अधिक व्यय (*₹ 19830950.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) हुआ;

उपर्युक्त दो शीर्षों के अंतर्गत अधिक व्यय इन बिलों को अधिक मात्रा में जारी किए जाने के कारण हुआ।

(IV) Under three heads savings of *₹1476.09 lakhs* occurred, each exceeding ₹250.00 lakhs but not exceeding ₹500.00 lakhs and constituting 97 percent to nearly 100 percent of the sanctioned *appropriation*.

2. Savings were offset by excess under the following major heads: -

(I) Major Head "6001" -

(A) *"Treasury bills and Connected Securities issued to R.B.I. - 91 Days Treasury Bills"* - excess of *₹ 7349897.80 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹ 65927584.00 lakhs*) was due to higher volume of issuances.

(B) *"Securities issued to International Financial Institutions"* -

(a) *"International Monetary Fund"* - excess of *₹ 505540.00 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹500000.00 lakhs*); and

(b) *"African Development Fund"* - excess of *₹ 838.95 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹2419.00 lakhs*).

Excess under the above two heads was due to higher volume of redemption of securities and exchange rate variation.

(C) *"182 Days Treasury bills"* - excess of *₹ 19883048.00 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹30851925.00 lakhs*); and

(D) *"364 days Treasury Bills"* - excess of *₹ 1936050.00 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹19830950.00 lakhs*).

Excess under the above two heads was due to higher volume of issuances.

(ड़) *"विशेष प्रतिभूतियों के परिवर्तन के कारण जारी विपणनयोग्य प्रतिभूतियां" – ₹ 227696.00 लाख* का अधिक व्यय ('शून्य' *विनियोग* की तुलना में) दीर्घ प्रवृत्ति की प्रतिभूतियों के बदलाव के कारण हुआ।

(चा) *"01–04–1999 से निवल लघु बचत संचय के हिस्से के तहत जारी की गई विशेष केन्द्रीय सरकार प्रतिभूतियां" – ₹ 120833.05 लाख* का अधिक व्यय (₹ 4129413.00 लाख के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) अधिक निवेश के परिणामी प्रभाव के कारण हुआ।

(छा) *"डाक जीवन बीमा के अंतर्गत शेषों के प्रतिभूतिकरण के तहत जारी की गई विशेष प्रतिभूतियां" – ₹ 400000.00 लाख* का अधिक व्यय ('शून्य' *विनियोग* की तुलना में) प्रावधान को बाजार ऋण शीर्ष से अंतरित करके समर्पित व्यय शीर्ष में लगाए जाने के कारण हुआ।

(जा) *"सॉवरेन गोल्ड बोंड स्कीम, 2015" – ₹ 648.95 लाख* का अधिक व्यय (*₹500.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) निवेशकों द्वारा समयपूर्व मोचन के विकल्प का प्रयोग किए जाने के कारण हुआ।

(II) मुख्य शीर्ष "6002" –

(का) *"आईएफएडी से ऋण" – ₹ 2606.68 लाख* का अधिक व्यय (*₹14161.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) हुआ; और

(खा) *"रूसी संघीय सरकार से ऋण" – ₹ 6428.83 लाख* का अधिक व्यय (*₹80391.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) हुआ।

उपर्युक्त दो शीर्षों के अंतर्गत अधिक व्यय विनिमय दर परिवर्तन के कारण हुआ।

(गा) *"जापान सरकार से ऋण" – ₹11161.28 लाख* का अधिक व्यय (*₹ 638278.00 लाख* के स्वीकृत *विनियोग* की तुलना में) अधिक वितरण के परिणामी प्रभाव तथा विनिमय दर परिवर्तन के कारण हुआ।

(E) *"Marketable Securities issued in conversion of Special Securities"* - excess of *₹ 227696.00 lakhs* (against 'nil' *appropriation*) was due to switching of long tenor securities.

(F) *"Special Central Government Securities issued against share of net small Savings collections from 1-4-1999"* - excess of *₹120833.05 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹4129413.00 lakhs*) was due to consequential effect of higher investment.

(G) *"Special Securities issued against securitization of Balances under Postal Life Insurance"* - excess of *₹400000.00 lakhs* (against 'nil' *appropriation*) was due to shifting of provision from Market Loans head to dedicated expenditure head.

(H) *"Sovereign Gold Bond Scheme, 2015"* - excess of *₹ 648.95 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹500.00 lakhs*) was due to exercise of the option of premature redemption by investors.

(II) Major Head "6002" -

(A) *"Loans from IFAD"* - excess of *₹ 2606.68 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹14161.00 lakhs*); and

(B) *"Loans from the Government of Russian Federation"* - excess of *₹ 6428.83 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹80391.00 lakhs*).

Excess under the above two heads was due to exchange rate variation.

(C) *"Loans from the Government of Japan"* - excess of *₹ 11161.28 lakhs* (against the sanctioned *appropriation* of *₹ 638278.00 lakhs*) was due to consequential effect of higher disbursal and exchange rate variation.

(घा) *"यूरोपीय निवेश बैंक से ऋण" – ₹2687.30 लाख* का अधिक व्यय (शून्य *विनियोग* की तुलना में) ऋणों की अदायगी का पुनर्निधारण किए जाने के कारण हुआ।

(D) *"Loans from European Investment Bank"* - excess of *₹2687.30 lakhs* (against 'nil' *appropriation*) was due to rescheduling of repayment of loans.